यमुना का जलस्तर पहुंचा चेतावनी के निशान के पार

कई राज्यों में लगातार बारिश के कारण जलस्तर बढ़ा

नदी, तुम हो पिता

पिता तुल्य मानी गई नदी का पानी और वेग, बॉन और आसपास के इलाक़ों का प्रताप बढ़ाता है। सुनें और पढ़ें सिर्फ Navbharatgold.com पर

■ प्रमुख संवाददाता, नई दिल्ली

लगातार बारिश के चलते यमुना में ऊफान आ गया है। सोमवार शाम सात बजे तक यमुना का जलस्तर चेतावनी के लेवल से करीब 0.60 मीटर ऊपर था। फ्लड कंट्रोल विभाग के अफसरों का कहना है कि इस बार यमुना का जलस्तर हथिनीकुंड बैराज से पानी छोड़ने के चलते नहीं, बल्कि अलग अलग राज्यों में लगातार बारिश होने से बढ़ा है।

यमुना के जलस्तर का चेतावनी का लेवल 204.50 मीटर और खतरे का निशान 205.33 मीटर है। रविवार रात एक बजे से लेकर सुबह चार बजे तक हर घंटे हथिनी कुंड बैराज से 15,877 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था। सुबह 7 और 8 बजे हथिनी कुंड बैराज से 25,841-25,841 क्यूसेक पानी दो बार छोड़ा गया। दोपहर में पानी छोड़ने की रफ्तार कुछ कम हुई। इसके अलावा लगातार बारिश भी हो रही है। जिसके चलते यमुना का जलस्तर बढ़ गया है। शाम 7 बजे तक यमुना का जलस्तर 205.10 मीटर रेकॉर्ड किया गया, जो की चेतावनी के लेवल से 0.60 मीटर अधिक है। जलस्तर खतरे के निशान तक पहुंचने में अब सिर्फ 0.23 मीटर कम है।

nwda.gov.in